## खबर संक्षेप

### अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस अगले हफ्ते आएंगे भारत



**नई दिल्ली।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और उनकी पत्नी उषा अगले हफ्ते के शुरू में भारत की यात्रा पर आएंगे। इस दौरान वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ वार्ता करेंगे। यह यात्रा ट्रंप प्रशासन के शुल्क विवाद के कारण बढ़ते वैश्विक व्यापार व्यवधानों के बीच होगी। वेंस के कार्यालय ने बुधवार को बताया कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति 18 से 24 अप्रैल तक इटली और भारत की यात्रा पर रहेंगे।

### बस की टक्कर से तीन लोगों की मौत

**राजकोट।** गुजरात के राजकोट शहर में बुधवार को स्थानीय नगर निगम की गति से जा रही एक बस ने यातायात सिग्नल पर कई वाहनों और पैदल यात्रियों को टक्कर मार दी, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। सीसीटीवी फुटेज में इलेक्ट्रिक बस को व्यस्त ट्रैफिक सिग्नल पर दोपहिया वाहनों और कारों सहित अन्य वाहनों को टक्कर मारते हुए देखा गया।

### हज कोटा बहाली के लिए प्रधानमंत्री दखल दें



**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में हज से जुड़े निजी टूर ऑपरेटर के प्रतिनिधियों ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह किया कि वह सऊदी अरब द्वारा हज कोटे में 'कटौती किए जाने' के मामले में दखल दें ताकि कोटा बहाल हो सके। 'कर्नाटक स्टेट हज आर्गनाइजर्स एसोसिएशन' के प्रमुख इकबाल अहमद सिद्दीकी ने कहा, ''हम चाहते हैं भारत का हज कोटा बहाल हो और यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दखल से मुमकिन हो सकता है।

### मुंबई पुलिस बम विस्फोट की धमकी भरा फोन

**मुंबई।** मुंबई पुलिस को एक फोन आया जिसमें एक व्यक्ति ने दावा किया कि शहर में बम धमाके होंगे। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान सूरज जाधव (37) के रूप में हुई है, जिसने कथित तौर पर शराब के नशे में धमकी भरा फोन किया था। उसे हिरासत में ले लिया गया है। मुंबई पुलिस के मुख्य नियंत्रण कक्ष को मंगलवार दोपहर को एक फोन आया जिसमें व्यक्ति ने दावा किया कि महानगर में बम धमाके होंगे।

### सड़क पर युवक की हत्या सात नाबालिग पकड़े गए

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के इंदौर जिले में पिकनिक मनाने के बाद घर लौट रहे 18 वर्षीय युवक की सरेराह हत्या के आरोप में पुलिस ने बुधवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया और सात नाबालिग लड़कों को हिरासत में लिया। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) हितिका वासल ने संवाददाताओं को बताया कि खुड़ैल थाना क्षेत्र में 13 अप्रैल को पिकनिक मनाकर घर लौट रहे सलमान खान (18) की मामूली विवाद में चाकू से हमला कर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने करीब 80 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल करवारदात में शामिल नौ लोगों की पहचान की।

# इंस्टा क्वीन ने दुपट्टे से दबाया पति का गला, आशिक के साथ फेंक आई लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश के मेरठ में हुए सौरभ राजपूत हत्याकांड की जांच पूरी नहीं हुई और हरियाणा से एक और खबर आ गई। यहां इंस्टाग्राम पर रील बनाने की शौकीन एक महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर पति को मौत के घाट उतार दिया। इतना ही नहीं उसके बाद दोनों ने मिलकर लाश को ठिकाने भी लगा दिया। कहा जा रहा है कि महिला को पति ने उसके प्रेमी के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया था।

## महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर पति को मौत के घाट उतार दिया

### क्या है कहानी

इस हत्याकांड में तीन किरदार हैं। पहली रवीना, जो इंस्टाग्राम पर काफी पॉपुलर है और रील्स बनाने की शौकीन है। उसके सोशल मीडिया पर 30 हजार से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। वह रेवाड़ी से है। दूसरा किरदार प्रेमनगर के हांसी का रहने वाला सुरेश है, जो यूट्यूबर बताया जा रहा है। खबर है कि वह रवीना का प्रेमी है। तीसरा रवीना का पति प्रवीण है, जिसकी उम्र 35 साल है। वह पुराना बस स्टैंड क्षेत्र गुजरों की ढाणी का रहने वाला था।



### रंगरलियां मनाते पति ने देखा तो घोंट दिया गला

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रवीना और सुरेश लंबे समय से एक दूसरे के संपर्क में थे। 25 मार्च को प्रवीण ने दोनों को घर में ही आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ लिया था। खबर है कि इसके बाद तीनों में जमकर झगड़ा हुआ और रवीना और सुरेश ने मिलकर प्रवीण का गला दुपट्टे से घोंट दिया।

### रील की शौकीन

सोशल मीडिया पर पॉपुलर रवीना को रील बनाने का काफी शौक था। खास बात है कि उसके इसी शौक पर परिवार को कड़ी आपत्ति थी और खबरें हैं कि इसके चलते प्रवीण के साथ उसका कई बार झगड़ा भी हुआ था। यूट्यूब पर भी कई जाने माने कलाकार उसके वीडियो में नजर आ चुके हैं।

### जिससे शादी की उसे नाले में बहा दिया

कहा जा रहा है कि पति की हत्या के बाद भी रवीना पर कोई खास असर नहीं था। वह सामान्य नजर आ रही थी। खबरें हैं कि जब परिवार ने प्रवीण के बारे में पूछा, तो उसने जानकारी होने से इनकार कर दिया। इसके बाद उसने सभी लोगों के सोने का इंतजार किया और रात 2.30 बजे सुरेश के साथ पति की लाश को ठिकाने लगाने निकल गई। उनके यह कारनामा सीसीटीवी में भी कैद हो गया है। नजर आ रहा है कि प्रवीण की लाश बीच में रखी हुई है, चालक हेलमेट लगाया हुआ है और रवीना ने चेहरा कवर कर रखा है। करीब दो घंटों के बाद वह उसी बाइक पर पीछे बैठे हुए लौटती नजर आ रही है। जबकि, शव गायब था। दोनों ने घर से करीब 6 किमी दूर दिन्नौद रोड पर नाले में प्रवीण की लाश को बहा दिया था।

## एक पखवाड़े के भी हाथी के हमले में बलरामपुर में 7 ग्रामीणों की मौत

# झारखंड से पहुंचे दंतैल ने महुआ बीन रही महिला की कुचलकर ली जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| वाड्रफनगर

सीमावर्ती झारखंड जंगल से वन परिक्षेत्र रामानुजगंज के सीमावर्ती क्षेत्र में भ्रमण कर रहा दंतैल बीती रात वन परिक्षेत्र वाड्रफनगर में दाखिल हो गया। सीमावर्ती क्षेत्र में दंतैल के मौजूद होने की सूचना पर वन अधिकारियों ने संभावित क्षेत्र में मुनादी करा ग्रामीणों को सावधानी बरतने एवं जंगल की ओर नहीं जाने की हिदायत दी थी। सूचना पर सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीण तो जंगल नहीं गए लेकिन ग्राम स्थाही मोड निवासी एक दर्जन से अधिक ग्रामीण महुआ बीनने सवेरे तड़के 4 बजे 7 किमी दूर रजखेता बीट के पोकली महुआ जंगल में पहुंच गए बुधवार को सुबह 7 बजे ग्रामीण जंगल में महुआ बीन रहे थे कि अचानक दंतैल पहुंच गया। ग्रामीणों के साथ ग्राम स्याही निवासी यशोदा पति अमरदास धोबी (58वर्ष) भी महुआ बीन रही थी। दंतैल को आते देख ग्रामीण किसी तरह भाग निकले। यशोदा भी भाग रही थी लेकिन दंतैल ने दौड़ते हुए उसे अपनी सुंड में लपेट लिया तथा पटकने के बाद कुचल दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने घर लौटकर परिजन व वन अधिकारियों को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे वनकर्मियों ने पंचनामा उपरांत शव का पीएम कराया गया तथा मृतका के परिजन को 25 हजार की तात्कालिक सहायता प्रदान की।

*सरगुजा में हाथियों का उत्पात रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को सुबह ग्रामीणों के साथ रजखेता जंगल में महुआ बीन रही महिला का दंतैल से सामना हो गया। दंतैल ने भाग रही महिला को पटककर कुचल दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई जबकि अन्य ग्रामीणों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई।*

## मृतका के परिजन को दी 25 हजार की तात्कालिक सहायता

### अधिकारी नहीं देते सूचना

दल से अलग होकर घूम रहे दोनों दंतैल सुरक्षा की दृष्टि से बड़ी चुनौती बन गए हैं। झारखंड के हाथी अक्सर कनहर नदी पार कर सीमावर्ती रामानुजगंज के रास्ते सरगुजा में दाखिल होते हैं। हाथियों के हमले में लगातार हो रही मौतों को लेकर रामानुजगंज के वनकर्मी हाथियों की मौजूदगी का पता लगाने झारखण्ड के सीमावर्ती क्षेत्रों तक का नियमित भ्रमण करते हैं। झारखण्ड के वन अधिकारी न तो स्थानीय अधिकारियों को हाथियों के आवागमन की सूचना देते हैं न ही ग्रामीण ही कोई जानकारी देते है। उच्च स्तर से पहल नहीं होने के कारण प्रायः झारखंड के हाथी सरगुजा के आबादी क्षेत्रों में भारी उत्पात मचाते हैं।



### दंतैल की लगातार की जा रही निगरानी

दंतैल की लगातार निगरानी की जा रही है साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में मुनादी करा ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है। मंगलवार को भी ग्रामीणों को हाथी के मौजूदगी की जानकारी दी गई थी इसके बावजूद ग्रामीण महुआ बीनने जंगल गए थे। **-अनिल सिंह पैकरा,** उपवन मंडलाधिकारी, वाड्रफनगर

### 16 दिनों में 8 मौतें

17 दिनों के भीतर अकेले घूम रहे दो दंतैल 8 ग्रामीणों की जान ले चुके हैं। झारखण्ड से आया दंतैल अलग-अलग क्षेत्रों में 5 ग्रामीणों को मौत के घाट उतार चुका है जबकि जशपुर से पहुंचा दंतैल दो लोगों की जान ले चुका है। बताया जा रहा है कि दंतैल काफी आक्रामक हो गया है तथा दिन-रात तेज गति से एक जंगल से दूसरे जंगल में भ्रमण कर रहा है। बुधवार को सुबह रजखेता जंगल में महिला को मारने के बाद दंतैल अम्बिकापुर-बनारस मार्ग पार कर कोटराही जंगल में पहुंच गया है। दंतैल ने 31 मार्च को फुलवार में गेहूं की कटाई कर रहे उस्मान अंसारी (50 वर्ष) एवं उसकी पत्नी अस्मीना अंसारी (48 वर्ष) को पटक दिया था तथा अस्मीना की बांह अलग कर दी थी। दूसरे दिन तड़के उसने रामपुर में महुआ बिन रहे दुर्गा प्रसाद की जान ले ली थी। 3 अप्रैल को दंतैल ने घाघरा जंगल में फसल की रखवाली कर रहे युवक की कुचलकर जान ले ली थी। बुधवार को दंतैल ने रजखेता जंगल में महुआ बीन रही यशोदा को कुचल दिया।

## गुजरात में गरजे राहुल, कहा

# कांग्रेस ही आरएसएस और भाजपा को हरा सकती है

एजेंसी ▶▶| मोडासा



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि गुजरात में पार्टी कार्यकर्ता भले ही हतोत्साहित दिख रहे हैं, लेकिन केवल उनकी ही पार्टी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा को हरा सकती है। एक सप्ताह में गुजरात की अपनी दूसरी यात्रा के दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने आरएसएस और लगभग 30 वर्षों से राज्य की सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी को हराने का अपनी पार्टी का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने गुजरात को कांग्रेस के लिए सबसे महत्वपूर्ण राज्य बताया, जहां पार्टी कभी एक शक्तिशाली राजनीतिक ताकत हुआ करती थी। गांधी गुजरात में संगठन को नया रूप देने के कांग्रेस के प्रयासों के तहत जिला इकाइयों को मजबूत करने की प्रायोगिक योजना शुरू करने के बाद अरवल्ली जिले के मोडासा शहर में बूथ स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। गुजरात में 2027 के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं।

### गुजरात कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण राज्य

उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, गुजरात कांग्रेस पार्टी के लिए सबसे महत्वपूर्ण राज्य है। हम गुजरात में हतोत्साहित दिखते हैं, लेकिन हम उन्हें (भाजपा को) राज्य में हरा देंगे। मैं आपको यह बताने आया हूं कि यह मुश्किल नहीं है। हम यह कार्य निश्चित रूप से पूरा करेंगे। केवल कांग्रेस पार्टी ही आरएसएस और भाजपा को हरा सकती है।

# 'फर्जी' हृदय रोग विशेषज्ञ केस में अस्पताल का लाइसेंस सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दमोह



मध्यप्रदेश के स्वास्थ्य विभाग ने कथित 'फर्जी' हृदय रोग विशेषज्ञ मामले में कार्रवाई करते हुए बुधवार को दमोह स्थित 'मिशन अस्पताल' का लाइसेंस निलंबित कर दिया। इस अस्पताल में नरेंद्र यादव उर्फ नरेंद्र जॉन कैम मरीजों की अनधिकृत सर्जरी करता था। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में दर्ज की गई शिकायत के अनुसार, गिरफ्तार किए गए यादव द्वारा आपरेशन किए गए सात हृदय रोगियों की बाद में मौत हो गई। दमोह जिले के सीएमएचओ मुकेश जैन ने बताया कि अस्पताल का लाइसेंस 31 मार्च 2025 को समाप्त हो गया था जबकि प्रबंधन ने पिछले वर्ष दिसंबर में नवीनीकरण के लिए आवेदन किया था। उन्होंने बताया कि लाइसेंस के नवीनीकरण के लिए आवेदन अस्पताल में कुछ कमियां पाए जाने के बाद प्रबंधन को वापस कर दिया गया था।


### ब्रिटेन का कार्डियोलॉजिस्ट बताया

पुलिस के अनुसार, यादव ने ब्रिटेन के कार्डियोलॉजिस्ट का रूप धारण किया। डॉ. नरेंद्र जॉन कैम होने का नाटक किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 315 (4) (बेईमानी से हेराफेरी), 338 (जालसाजी), 336 (3) (धोखाधड़ी के इरादे से दस्तावेजों या इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड को बनाना या बदलना), 340 (2) (जाली दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड) और 3 (5) (जब एक ही इरादे से कई व्यक्तियों द्वारा आपराधिक कृत्य किया जाता है तो संयुक्त आपराधिक दायित्व) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### सात मरीजों की हुई थी मौत

पुलिस ने अस्पताल में सात मरीजों की मौत के मामले की जांच शुरू करने के बाद आठ अप्रैल को कथित जालसाजी और अन्य अपराधों के लिए यादव को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से गिरफ्तार किया था। पुलिस ने छह अप्रैल को दमोह सीएमएचओ जैन द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत पर यादव के खिलाफ फर्जी मेडिकल डिग्री रखने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की थी।

## उफ्फ ये गर्मी...



आगरा। उत्तर प्रदेश में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। कभी बारिश तो कभी तेज गर्मी। ताजमहल में एक पर्यटक तेज गर्मी से राहत पाने पानी पीते हुए।

# भारतीय छात्र ने ट्रंप प्रशासन पर ठोका मुकदमा

**नई दिल्ली।** अमेरिकी शिक्षण संस्थानों को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार सख्ती दिखा रहे हैं। ऐसे में एक भारतीय और तीन अन्य छात्रों ने इस महीने अपने स्टूडेंट इमिग्रेशन स्टेटस को खत्म किए जाने के बाद ट्रंप प्रशासन पर मुकदमा ठोक दिया है। इन चारों छात्रों को अमेरिका से डिपोर्ट करने का प्लान था और अब उन्होंने अदालत से अपना कानूनी दर्जा फिर से हासिल करने की गुहार लगाई है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है, जब ट्रंप प्रशासन ने कैंपस एक्टिविज्म की वजह से अंतरराष्ट्रीय छात्रों के वीजा रद्द करना शुरू कर दिया है। भारतीयों सहित सैकड़ों छात्रों को ईमेल भेजकर उन्हें स्वदेश वापस जाने के लिए कहा गया है।

# एयर होस्टेस से यौन उत्पीड़न शिकंजे से बाहर आरोपी

एजेंसी ▶▶| गुरुग्राम



गुरुग्राम में स्थित मेदांता अस्पताल में वेंटिलेटर पर पड़ी एक एयर होस्टेस का यौन उत्पीड़न करने के आरोपियों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। मेदांता अस्पताल ने कहा कि आरोपों की अभी पुष्टि नहीं हुई है और वह जांच में पूरा सहयोग कर रहा है। गुरुग्राम में स्थित मेदांता अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय दुरानी ने एक बयान में कहा कि संबंधित समय अवधि के अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज सहित सभी प्रासंगिक दस्तावेज गुरुग्राम पुलिस को दे दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक किसी भी आरोप की पुष्टि नहीं हुई है। पीड़ित महिला (46) ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि वह अपनी कंपनी की ओर से प्रशिक्षण के लिए गुरुग्राम आई थी और एक होटल में रुकी थी। शिकायत के अनुसार, तबीयत बिगड़ने के बाद उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### वह वेंटिलेटर पर थी पीड़िता

महिला ने बताया कि चूंकि वह वेंटिलेटर पर थी, इसलिए वह बोल नहीं पा रही थी और बहुत डरी हुई थी। उसने बताया कि वह अर्धचेतन अवस्था में थी और घटना के दौरान दो नर्सें उसके आसपास थीं, लेकिन उन्होंने हस्तक्षेप नहीं किया। अस्पताल ने बयान में कहा, हमें एक मरीज की शिकायत के बारे में जानकारी मिली है और हम संबंधित अधिकारियों द्वारा की जा रही जांच में पूरा सहयोग कर रहे हैं। गुरुग्राम पुलिस के प्रवक्ता संदीप कुमार ने कहा, जांच जारी है। हम आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं।

### अज्ञात कर्मचारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

पुलिस ने बताया कि शिकायत के बाद सोमवार को सदर थाने में अस्पताल के अज्ञात कर्मचारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पीड़िता का बयान सोमवार को अदालत में मजिस्ट्रेट के समक्ष दर्ज किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस टीम आरोपियों की पहचान के लिए अस्पताल के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज और ड्यूटी चार्ट की जांच कर रही है।

## ब्रेन मैपिंग, नार्को और पॉलीग्राफ टेस्ट की रिपोर्ट में हुई आरोपी के बयान की पुष्टि

# अक्षत ने खुद ही दी थी अपनी हत्या की सुपारी, साथ लेकर आया था हथियार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

शहर के युवा व्यवसायी अक्षत केडिया हत्याकांड के मामले में आरोपी के नार्को, पॉलीग्राफ, ब्रेन मैपिंग टेस्ट की रिपोर्ट आ गई है। इस रिपोर्ट में आरोपी द्वारा पूर्व में दिए गए बयान की पुष्टि हो गई है। पुलिस के अनुसार मृतक अक्षत ने ही आरोपी संजीव मंडल को अपनी हत्या की सुपारी दी थी। मृतक ही अपने साथ हथियार लेकर आया, हत्या के लिए रूपए और गहने दिए। वहीं इस बात की भी पुष्टि हुई है कि घटना के समय घटना स्थल पर कोई तीसरा व्यक्ति मौजूद नहीं था। रिपोर्ट आने के बाद अब पुलिस द्वारा न्यायालय में चार्ज शीट पेश करने की बात कही जा रही है।

बता दें कि पटपरिया निवासी अम्बिका स्टील के संचालक अक्षत केडिया के पुत्र अक्षत केडिया का शव 21 अगस्त 2024 को चठिरमा के जंगल में उसकी कार क्रमांक सीजी 10 बीएस 4184 से बरामद किया गया था। इस मामले में पुलिस ने भगवानपुर निवासी 29 वर्षीय संजीव मंडल उर्फ भानु को गिरफ्तार किया था।

## जांच के लिए भेजा गया था गुजरात





### हुई है बयान की पुष्टि

अक्षत केडिया की हत्या के मामले में जांच चल रही थी। आरोपी संजीव मंडल ने बताया था कि मृतक ही हथियार लेकर आया था और उसी ने मारने के लिए बोला था। मृतक ने ही खुद को मारने के लिए पैसे और गहने दिए। इस मामले की जांच के लिए आरोपी का ब्रेन मैपिंग, नार्को और पॉलीग्राफ कराने के लिए गुजरात भेजा गया था। अब तीनों रिपोर्ट आ गई है और इसमें आरोपी द्वारा पूर्व में दिए गए बयान की पुष्टि हुई है। अक्षत ने ही हथियार दिया था और हत्या के लिए रूपए व गहने दिए थे। इसके साथ ही घटनास्थल पर कोई दूसरा आरोपी नहीं था। अब इस मामले में चालान पेश कर दिया गया है। **-योगेश पटेल,** एसपी सरगुजा

### दिए गए थे अलग अलग सवाल

दिसम्बर के महीने में आरोपी का गुजरात में ब्रेन मैपिंग, नार्को और पॉलीग्राफ टेस्ट कराया गया। तीनों टेस्ट अलग अलग तरीके से होते है और तीनों टेस्ट के लिए पुलिस ने संदेहों के आधार पर अपने सवाल बनाकर विशेषज्ञों को दिए थे। सरगुजा पुलिस द्वारा दिए गए सवालों के आधार पर ही आरोपी के ब्रेन मैपिंग, नार्को और पॉलीग्राफ टेस्ट हुए और अब लम्बे इंतजार के बाद इसकी रिपोर्ट आ गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी द्वारा पूर्व में दिए गए बयानों की पुष्टि हो गई है। अब जो रिपोर्ट आई है उसके अनुसार मृतक अक्षत केडिया ने ही आरोपी संजीव मंडल को खुद के हत्या की सुपारी दी थी। अक्षत खुद हथियार लेकर घटना स्थल आया था जहां उसने उसे रूपए और सोने के गहने दिए और हत्या के लिए हथियार भी उपलब्ध कराया। हथियार में मौजूद कारतूस राउंड भी अक्षत के ही थे। वहीं पुलिस यह भी पता लगा रही थी कि घटना स्थल पर कोई तीसरा व्यक्ति भी मौजूद था या नहीं और इसकी रिपोर्ट भी निगेटिव आई है।

### अमरनाथ यात्रा के लिए पहले दिन 4,200 पंजीयन

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर बैंक ने इस साल शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण के पहले दिन 4,200 से अधिक तीर्थयात्रियों का पंजीकरण किया है। बैंक के एक प्रवक्ता ने बुधवार को कहा कि वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जा रहा है और इसमें पात्र तीर्थयात्रियों को यात्रा परमिट जारी करना शामिल है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com